तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 6 नवंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

देव आरती से जगमगा उठा घाट, गुरुद्वारा में शबद कीर्तन और लंगर



## खबर संक्षेप

### शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार में जनसंपर्क विभाग अव्वल

**कोरबा।** राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकासपरक कार्यों के प्रभावी प्रचार-प्रसार में जिला जनसंपर्क कार्यालय ने प्रदेशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर संचालनालय स्तर से प्राप्त रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया कि कोरबा जिले ने सक्सेस स्टोरी और जियोग्राफिकल कवरेज के क्षेत्र में अन्य जिलों की तुलना में दोगुनी उपलब्धि हासिल की है। जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा राज्य शासन की योजनाओं से जुड़ी प्रेरक सफलता की कहानियों, विकास कार्यों और जनहितकारी पहलुओं को आमजन तक पहुँचाने में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया है। इस उपलब्धि के लिए जनसंपर्क आयुक्त रवि मित्तल ने विभाग की सराहना करते हुए जिला जनसंपर्क अधिकारी श्री कमलज्योति को प्रशस्ति पत्र प्रेषित किया है। राज्य स्तरीय अधिकारियों ने कहा कि कोरबा जिले की जनसंपर्क टीम ने जिस तत्परता और रचनात्मकता से योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया है, वह अन्य जिलों के लिए प्रेरणास्रोत है। निरंतर नवाचार और जनसंपर्क के आधुनिक माध्यमों के प्रभावी उपयोग से विभाग ने अपनी कार्यकुशलता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

### पीएमएनएम का आयोजन आईटीआई में 10 को

**कोरबा।** अप्रेंटिसशिप योजनान्तर्गत प्राइम मिनिस्टिर नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला (पीएमएनएम) का आयोजन 10 नवंबर को आईटीआई में किया जा रहा है। आईटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राइम मिनिस्टिर नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला में जिला अंतर्गत उद्योगों/प्रतिष्ठानों एवं आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षाणार्थियों का नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम में पंजीयन एवं नियोजन किया जायेगा। अप्रेंटिसशिप मेला में जिला अंतर्गत उद्योग/प्रतिष्ठान के प्रतिनिधि एवं आईटीआई उत्तीण प्रशिक्षणार्थी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोरबा में 10 नवंबर को प्रातः 9 बजे उपस्थित होकर पंजीयन एवं नियोजन की कार्यवाही कर सकते हैं।

### अग्निवीर थल सेना भर्ती हेतु दक्षता प्रशिक्षण 31 दिसंबर तक

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा भारतीय अग्निवीर थल सेना भर्ती 2025 के लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण /चयनित अभ्यार्थियों के शारीरिक मापदण्ड परीक्षा हेतु 3 नवंबर से 31 दिसंबर तक सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड में शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। यह प्रशिक्षण निःशुल्क होगा। प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थी रोजगार कार्यालय कोरबा से संपर्क कर सकते हैं।

### प्राशा में नई सहायक शिक्षिका की नियुक्ति से बच्चों में खुशियां

**कोरबा।** जिले के पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम सरभोका स्थित बसाहट मोहल्ले में संचालित प्राथमिक शाला में सहायक शिक्षिका श्रीमती अंजुलता तंवर ने कार्यभार ग्रहण किया। श्रीमती तंवर के स्कूल में जुड़ने से बच्चों और ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया। यह विद्यालय वर्ष 1982-83 से संचालित है और वर्तमान में इसमें 45 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। अधिकतर विद्यार्थी हसदेव बांगो बांध डुबान क्षेत्र के भू-विस्थापित गरीब परिवारों से आते हैं। पिछले दो वर्षों से यह विद्यालय एकलशिक्षकीय था, जिससे न केवल विद्यार्थियों बल्कि प्रधानपाठक त्रिभुज सिंह तंवर को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। नई शिक्षिका की नियुक्ति से अब शिक्षण व्यवस्था में सुधार आया है और सभी ने राहत की सांस ली है। विद्यालय की छात्राएँ कृषिका, एंजल, रोहित (कक्षा पाँचवीं), आलिया, अविनाश (कक्षा चौथी) तथा बबीता (कक्षा तीसरी) ने बताया कि नई मैडम हमें बहुत अच्छे से पढ़ाती हैं।

# पीएचई अब नहीं लगाएगा नया हैंडपंप, केवल होगी मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

शासन के सौ घर के बीच एक हैंडपंप लगे होने का मापदंड पूरा होने के बाद पीएचई अब नए हैंडपंप की खुदाई नहीं करेगा। पुराने हैंडपंप जो धंस गए हैं या बिगड़ गए हैं उनके सुधार का काम किया जाएगा। वह भी ठेकेदारों के माध्यम से, पीएचई की ग्रामीण अंचलों में कई पेयजल योजनाएं चलने के कारण अब हैंडपंप जैसे खनन के कामों पर ब्रेक लग गया है।

पीएचई विभाग के द्वारा ग्रामीण अंचलों में जल सुविधा के लिए जल जीवन मिशन, सामूहिक जल योजना, नल जल योजना जैसी योजनाएं चलाई जा रही है। करोड़ों की बजट वाली इन योजनाओं के चलने से ग्रामीण अंचलों में शुद्ध पेयजल के लिए खनन किए जाने वाले हैंडपंप का काम बंद कर दिया गया है। केवल पुराने हैंडपंप जो बिगड़ गए हैं या जमीन में धंस गए हैं उनके ही सुधार का काम या मरम्मत का काम किया जाएगा। जिसके लिए विभाग का ही एक ईएनडी सेक्शन है जो इस कार्य को कराएगा। विभाग के अनुसार जब पेयजल जैसी योजनाएं कभी कभार ही ⏭ शेष पेज 3 पर

### शासन के सौ घर में एक हैंडपंप का मापदंड हुआ पूरा

**खास बातें**

- ग्रामीण अंचलों में चल रही है पेयजल की कई योजनाएं
- विभाग ने ग्राम पंचायतों को मरम्मत के लिए दिए हैं निर्देश



**विभाग नहीं करेगा खनन**

शासन का सौ घर के बीच एक हैंडपंप का जो मापदंड था वह पूरा हो चुका है। 11 हजार से अधिक हैंडपंप विभाग के द्वारा खनन किए जा चुके हैं अब विभाग कोई भी नया हैंडपंप जिले के किसी भी क्षेत्र में नहीं लगायेगा। जो भी काम होंगे वह पुराने बिगड़े हैंडपंपों के सुधार के होंगे।

-रमन उरांव, कार्यपालन अभियंता पीएचई

### पारेटोले में भी पहुंच गई पेयजल योजनाएं

जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचल जहां 10 से 20 घर के ही पारेटोले हुआ करते हैं ऐसे स्थानों में पेयजल योजनाएं नहीं होने के कारण हैंडपंप खनन का काम प्राथमिकता से किया जाता था। ऊंचाई और बीहड़ क्षेत्र होने के कारण इन क्षेत्रों का जल स्तर नीचे होने के कारण पानी का निकलना भी मुश्किल रहता था। ऐसे पारेटोले में अब पीएचई की नल जल योजना जल जीवन मिशन, मल्टी विलेज योजना, एकल नल जल योजना पहुंच गई हैं। जिससे अब पारेटोले में भी हैंडपंप खनन जैसे काम बंद हो गए हैं।

### जेके हॉस्पिटल में इलाज कराने पहुंचे थे जांजगीर-चांपा जिले से मरीज को लेकर परिजन

# इलाज में लापरवाही से मौत, 3 साल बाद हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर व स्टाफ के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तीन साल पूर्व एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मरीज की मौत हो गई थी जिसमें परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया था। मामले की जांच के लिए चिकित्सकों की टीम गठित की गई थी जांच के दौरान पाया गया कि मरीज के इलाज में लापरवाही बरती गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने जे के हॉस्पीटल के संचालक सहित अन्य स्टाफ के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

**खास बात**

- जिला अस्पताल के डॉक्टरों न की थी जांच, रिपोर्ट आने के बाद हुआ जुर्म दर्ज





वह अस्पताल जहां हुई थी घटना।

पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा के थाना बम्हनीडीह ग्राम करनौद निवासी संतोष कुमार डनसेना उम्र 47 वर्ष पिता राम दयाल को 13 मार्च 2022 की शाम लगभग 5 बजे जे0के0 हास्पीटल कोरबा में दाखिल कराया गया था जहां 5.30 बजे उसकी मौत हो गई थी। जहां परिजनों ने प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया था और शव को लेने से इंकार कर दिया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही विवेचक सउनि. परमेश्वर गुप्ता के द्वारा किया गया है जिसमें मृतक के परिजनों ने बताया कि संतोष कुमार डनसेना का ईलाज जे0के0 हास्पीटल आईटीआई रामपुर कोरबा में कराया गया था। संतोष की मृत्यु जे0के0 हास्पीटल के संचालक जे0के0 लहरे एवं हास्पीटल के अन्य स्टाफ के द्वारा लापरवाहीपूर्वक ईलाज करने से हुई है, जिसके बाद इस मामले की जांच जिला अस्पताल कोरबा डॉक्टरों की टीम द्वारा कराई गई जांच में पाया गया कि संतोष की मौत लापरवाहीपूर्वक ईलाज करने से हुई थी। जिला अस्पताल कोरबा के द्वारा गठित डाक्टरों की टीम डॉ श्रीमती सी0के0सिंह, डॉ कुमार पुष्पेश, डॉ अतिक सिद्धकी शामिल थे। इस जांच रिपोर्ट के आधार पर घटना के तीन साल बाद जेके हॉस्पीटल के संचालक डॉ जे के लहरे व अन्य स्टाफ के विरुद्ध धारा 304(ए),34 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों का शैक्षिक भ्रमण

**कोरबा।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2, एनटीपीसी कोरबा के कक्षा 1 और 2 के विद्यार्थियों ने 4 नवंबर को शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत हॉस्पिटल, पोस्ट ऑफिस, बैंक, कंट्रोल रूम और पार्क तथा कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों ने एनटीपीसी टाउनशिप के सिल्वर जुबली पार्क का भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को समाज में विभिन्न संस्थानों के कार्यों से अवगत कराना था। विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार साहू ने मार्गदर्शन तथा सुमित कुमार चौधरी ने इस कार्यक्रम का निर्देशन किया।शिक्षिका व शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थी सबसे पहले हॉस्पिटल पहुँचे, जहाँ उन्होंने रोगियों की देखभाल के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद बच्चों ने पोस्ट ऑफिस और बैंक का दौरा कर पत्र, लेनदेन और बचत की प्रक्रिया को समझा। कंट्रोल रूम में विद्यार्थियों ने टाउनशिप की निगरानी की कार्यप्रणाली को निकट से जाना। अंत में सभी विद्यार्थी पार्क पहुँचे, खेल का आनंद लिया और सामूहिक भोजन किया।

# रेल हादसे की वजह से कोरबा आने वाली तीन गाड़ियों में एक की गई निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मंगलवार को बिलासपुर रेलवे स्टेशन के आउटर में मेमू लोकल के खड़ी मालगाड़ी से टक्कर होने की हालत में घायलों और मारे गए यात्रियों की सूची देर रात रेलवे ने जारी की। हादसे की वजह से बिलासपुर से कोरबा आने वाली तीन यात्री गाड़ियों में एक यात्री गाड़ियों को निरस्त किया गया था। दो यात्री गाड़ियां देर रात तक कोरबा पहुंची जिसमें आने वाले यात्रियों को लेने के लिए उनके परिजनों के पहुंचने से रेलवे स्टेशन में भीड़ लगी हुई थी।

**खास बातें**

- रेलवे ने जारी की घायलों और मृतकों की सूची, जिले का कोई भी यात्री शामिल नहीं
- रेलवे स्टेशन में परिजनों के पहुंचने तक देर रात तक लगी रही भीड़

रेल हादसे के कारण कोरबा रेलवे स्टेशन से शाम 4 बजे व 6 बजे रवाना होने वाली लिंक एक्सप्रेस व शिवनाथ दोनों के समय में परिवर्तन करते हुए उन्हें रात 9 बजे के बाद रवाना किया गया। इसी तरह रायपुर व बिलासपुर से कोरबा आने वाली तीन यात्री गाड़ियों में एक यात्री गाड़ी को निरस्त किया था। रायपुर से गेवरा रोड लोकल यात्री गाड़ी रात 10.45 बजे कोरबा पहुंची थी, हादसे की वजह से इसे बिलासपुर में ही रोका गया था। इसी तरह हसदेव एक्सप्रेस को भी बिलासपुर में रोककर लाइन क्लियर होने के बाद रवाना किया गया। जो रात 10.15 बजे कोरबा पहुंची थी। इन दो यात्री गाड़ियों के अलावा बिलासपुर से 5.10 बजे कोरबा आने वाली यात्री गाड़ी को निरस्त कर दिया था। रेलवे के द्वारा हादसे के बाद ट्रैक को क्लियर करने का काम तेजी से किया गया था। इसमें दो लाइन को पहले क्लियर किया गया। वहीं हादसे वाले ट्रैक को सुबह 4 बजे क्लियर किया गया। बुधवार को सभी लाइन में गाड़ियों की आवाजाही पूर्व की तरह चलती रही। इस हादसे में मृतकों और घायलों की जो सूची रेलवे ने जारी की है उसमें जिले का कोई भी यात्री शामिल नहीं है। किंतु मेमू लोकल को लेकर रवाना होने वाले लोको पायलट में एक की मौत हो गई है जो बिलासपुर जिले का निवासी है।



फाइल फोटो


### घटना में 11 की मौत, 20 यात्री घायल

मालगाड़ी एवं मेमू लोकल के डिरेलमेंट की इस घटना में 11 यात्रियों की मृत्यु एवं 20 यात्री घायल हुए है। जिनमें मथुरा भास्कर, चौरा भास्कर, शत्रुघ्न, गीता देबनाथ, मेहनिश खान, संजू विश्वकर्मा, सोनी यादव, संतोष हंसराज, रश्मि राज, ऋषि यादव, तुलाराम अग्रवाल, अराधना निषाद, मोहन शर्मा, अंजूला सिंह, शांता देवी गौतम, प्रीतम कुमार, शैलेश चंद्र, अशोक कुमार दीक्षित, नीरज देवांगन, राजेंद्र मारुति बिसारे शामिल हैं। घटना में घायलों को त्वरित अनुग्रह सहायता राशि के अग्रिम के रूप में 50 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई है।

# हसदेव नदी में डूबने से छात्र की मौत, दोस्तों के साथ गया था नहाने



मृतक।



घटनास्थल पर रेस्क्यू करती पुलिस की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तीन छात्र हसदेव नदी में नहाने गए हुए थे इस दौरान एक 13 वर्षीय छात्र गहरे पानी में डूब गया। नगर सेना की रेस्क्यू टीम को इसकी सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची और नदी में डूबे छात्र के शव को खोजकर बाहर निकाला। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती निवासी निखिल जायसवाल उम्र 13 वर्ष, पिता नागेश जायसवाल, राहुल नामदेव, शीलू त्रिपाठी सहित कुछ अन्य बच्चे बुधवार की सुबह हसदेव नदी में नहाने गए थे इस दौरान निखिल जायसवाल गहरे पानी में चला गया और डूब गया। अचानक निखिल को डूबते देख उसके साथ मौजूद दोनों दोस्त घबराकर मौके से भाग गए और घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि निखिल और उसके दोस्त नदी में चुंबक से पैसे तलाश कर रहे थे। तभी वह गहरे पानी में चला गया। उसे तैरना नहीं आता था। घटनास्थल पर पहले से ही कार्तिक स्नान के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। सूचना मिलते ही भीड़ जमा हो गई और डूबे हुए बच्चे की तलाश शुरू की गई। पुलिस को भी सूचित किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नगर सेना की रेस्क्यू टीम को बुलाया लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही बस्ती के लोगों ने निखिल के शव को नदी से बाहर निकाल लिया था। कोतवाली थाना पुलिस ने शव को तत्काल पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया जहां मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

### काऊकेचर में जनप्रतिनिधियों के कटआउट का परिवहन कर कार्य में घोर लापरवाही किए जाने का मामला

# आयुक्त ने दो उपअभियंता व स्वच्छता निरीक्षक को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

काऊकेचर में जनप्रतिनिधियों के कटआउट का परिवहन कर जनप्रतिनिधियों की गरिमा को ठेस पहुंचाने व कार्य के प्रति घोर लापरवाही करने वाले निगम के 2 उप अभियंताओं अश्वनी दास व अभय मिंज तथा स्वच्छता निरीक्षक सचीन्द्र थवाईत को निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने यह कार्यवाही कर निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारियों को भी कड़ा संदेश दिया है कि जनप्रतिनिधियों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले किसी भी कृत्य को क्षमा नहीं किया जाएगा।





फाइल फोटो

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर घंटाघर स्थित डॉ.भीमराव अंबेडकर ओपन थियेटर स्थित मैदान में 2 से 4 नवम्बर तक आयोजित हुए राज्योत्सव हेतु कार्यक्रम स्थल पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन व महापौर के कटआउट लगाए जाने थे, निगम के केन्द्रीय भण्डारगृह से इन कटआउट को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने हेतु काऊकेचर वाहन का उपयोग संबंधित अधिकारियों द्वारा किया गया। मामला प्रकाश में आने पर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने प्रकरण को गंभीरता से लिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रायपुर प्रवास व राज्योत्सव कार्यक्रम में शासन द्वारा सौपे गए दायित्वों के निर्वहन हेतु आयुक्त श्री पाण्डेय तत्समय रायपुर में ड्यूटीरत थे। हालांकि प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए उन्होंने निगम के अपर आयुक्त को निर्देशित किया कि वे तत्काल संबंधित जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करें। निर्देश के परिपालन में अपर आयुक्त द्वारा नोटिस जारी कर संबंधितों से जवाब मांगा गया, उनके द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषप्रद न होने, कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही प्रदर्शित करने तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का उल्लंघन मानते हुए आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने जिम्मेदार उप अभियंता अश्वनी दास व अभय मिंज तथा स्वच्छता निरीक्षक सचीन्द्र थवाईत को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने यह कार्यवाही कर निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारियों को भी कड़ा संदेश दिया है कि जनप्रतिनिधियों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले तथा कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही प्रदर्शित करने वाले किसी भी कृत्य को क्षमा नहीं किया जा सकता तथा ऐसे किसी कृत्य पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित होगी।

### खेत में लगे बोर पाईप व पेनलबोर्ड को हाथियों ने तोड़ा



**कोरबा।** जिले के जंगलों में हाथियों का उत्पात कम होने का नाम नहीं ले रहा है। हाथियों का झुण्ड कोरबा व कटघोरा वनमंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्रों में लगातार उत्पात मचा रहा है। करतला रेंज अंतर्गत बड़मार एवं पीडिया क्षेत्र में विचरण कर रहे हाथियों के झुण्ड ने बीती रात पीडिया गांव में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने एक ग्रामीण के खेत में लगे बोर के पाईप व पेनल बोर्ड को तोड़ दिया तथा पीडिया, संेंद्रीपाली, श्रीमार तथा तीलईडबरा में एक दर्जन से अधिक किसानों के खेतों में घुसकर धान की फसल को रौंद कर मटीयामेट कर दिया है। पीड़ित किसानों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी सुबह मौके पर पहुंचे और हाथियों द्वारा रात में किए गए नुकसानी का आंकलन करने के साथ रिपोर्ट तैयार की।

## खबर संक्षेप

### जेल से सिम्स ले जाते समय कैदी की मौत

**बिलासपुर।** स्वास्थ खराब होने पर जेल से अस्पताल ले जाते समय रास्ते में कैदी की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक शैलेष सिंह ने बताया, बदौला परसाभाठा निवासी जगजीवन पिता जयराम 60 साल हत्या के मामले में सेंट्रल जेल में सजा काट रहा था। बुधवार की सुबह 5 बजे सास लेने में तकलीफ होने पर जेल से आक्सीजन लगाकर उन्हें इलाज के लिए सिम्स लेकर गए। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। बताया जा रहा है कैदी बीपी, सुगर से पीड़ित थे। गुरूवार को उनका पोस्टमार्टम किया जाएगा।

### बेरिकेड से टकरा कर बाइक सवार तीन घायल

**बिलासपुर।** पिछले दो दिन में इंदिरा सेतु के बीच में लगाए गए बेरिकेड से टकराकर दो बाइक में सवार सहित तीन लोग घायल हो गए हैं। संकरे पुल पर बेरिकेड लगाना जान लेवा साबित हो रहा है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, इंदिरा सेतु में सुगम यातायात व्यवस्था बनाने के लिए सड़क के बीच बेरिकेड लगाया गया है, ताकि बेलगाम वाहनों के प्रवेश करने से ट्रैफिकजाम की स्थिति निर्मित नहीं बने। किन्तु रात के अंधेरे में बेरिकेड लोगों की दिखाई नहीं दे रहा है और लोग दुर्घटना के शिकार हो जा रहे हैं। मंगलवार की रात पौने 11 बजे नेहरू चौक से जा रहे बाइक सवार दो युवक न्यू रिवर व्यू को पार करने के बाद सड़क के बीच में रखे डिवाइडर से टकराकर बाइक सहित गिरकर फूटपाथ से टकरा गए। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर डायल 112 से दोनों युवकों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। इसी तरह सोमवार की रात कुदूदण्ड से कोनी की ओर जा रहा बाइक सवार एक युवक बेरिकेड से टकराकर घायल हो गया था। सिविल लाइन की पेट्रोलिंग पार्टी ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स लेकर गई। मोबाइल के माध्यम से घायल युवक के कोनी का निकला। सूचना पर परिजन सिम्स पहुंच गए। प्राथमिक इलाज के बाद परिजन घायल युवक को लेकर चले गए थे। दोनों सड़क हादसे की थाने में रिपोर्ट नहीं लिखाई गई है।

### आईटीआई कोनी में अप्रेंटिसशिप मेला कल

**बिलासपुर।** आईटीआई कोनी के नवीन भवन में 7 नवम्बर को सुबह 10.30 बजे से एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड रायपुर में अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के लिए कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से व्यवसाय-विद्युतकार, फिटर एवं वेल्डर के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त दस्तावेजों के साथ सम्मिलित हो सकते है।

### सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनने के बाद मिल रहा करोड़ों का बजट, फिर भी अपग्रेड नहीं हो पाया हेल्थ सेंटर

# पहले मेडिकल कालेज चलाने वाले विवि के पास अब ढंग का अस्पताल तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर में मेडिकल कालेज सिम्स की स्थापना गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी के अधीन हुई थी, कई सालों तक मेडिकल कालेज का संचालन इसी विवि के अधीन होता रहा। बाद में यह विश्वविद्यालय सेंट्रल यूनिवर्सिटी में अपग्रेड हो गया है, किन्तु यहां का हेल्थ सेंटर अपग्रेड नहीं हो पाया। इस विवि में टीचिंग, नान टीचिंग स्टाफ समेत हजारों स्टूडेंट पढ़ते हैं, कैंपस में स्टाफ की आवासीय कालोनी एवं ब्वायस व गर्ल्स हास्टल में बड़ी संख्या में स्टूडेंट रहते हैं। बावजूद इसके यूनिवर्सिटी के पास खुद का सर्वसुविधायुक्त अस्पताल नहीं है, जबकि यूनिवर्सिटी में करोड़ों रुपए का बजट आता है।

- यूनिवर्सिटी में टीचिंग, नान टीचिंग स्टाफ समेत हजारों की संख्या में स्टूडेंट

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में टीचिंग व नान टीचिंग मिलाकर एक हजार से ऊपर स्टाफ है। इनमें से लगभग डेढ़ सौ से दो सौ शिक्षक और अधिकारी-कर्मचारी यूनिवर्सिटी कैंपस स्थित आवासीय कालोनी रहते हैं। इसी तरह यूनिवर्सिटी में 10 हजार के आसपास स्टूडेंट्स पढ़ते हैं, जिनमें से करीब 2 हजार छात्र-छात्राएं यूनिवर्सिटी परिसर के ब्वायस एवं गर्ल्स हास्टल में रहते हैं। इन सभी के स्वास्थ्य सुविधा के लिए यूनिवर्सिटी में एक हेल्थ सेंटर हैं। यह भी कार्यालयीन समय में सुबह 9 बजे खुलता है और शाम 6 बजे के बाद बंद हो जाता है। शनिवार-रविवार अवकाश दिन हेल्थ सेंटर बंद रहता है। रात में भी क्लीनिक में कोई नहीं रहता है। यूनिवर्सिटी परिसर में रहने वाले किसी शिक्षक, अधिकारी-कर्मचारी या स्टूडेंट्स को कुछ हो जाता है या अचानक उनकी तबियत खराब हो जाती है तो उन्हें शहर के अस्पताल लाना पड़ता है। पिछले दिनों बॉटनी डिपार्टमेंट के एक प्रोफेसर की रात में अचानक तबियत खराब हो गई और सुबह उन्हें एम्बुलेंस से सिम्स लाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना के बाद से सेंट्रल यूनिवर्सिटी में रहने वाले स्टाफ और हास्टल के छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य सुविधा को लेकर सवाल खड़े होने लगा है।


सेंट्रल यूनिवर्सिटी का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र।

#### परमानेंट डाक्टर व स्टाफ नहीं

यूनिवर्सिटी के हेल्थ सेंटर में परमानेंट स्टाफ की कमी है। परमानेंट जो डाक्टर थे वे करीब ढ़ाई साल पहले रिटायर हो गए हैं और वर्तमान में कांटेक्ट बेस पर एक डाक्टर वहां पदस्थ हैं। उनके अलावा एक प्यून, एक ड्राईवर, एक ड्रेसर और एक एएनएम स्टाफ तथा एक फिजियोथैरिपिस्ट कार्यरत है। इनके अलावा कोई लेडी डाक्टर भी नहीं है, जबकि सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनने के बाद हेल्थ सेंटर में एक लेडी डाक्टर रखने का निर्णय भी हुआ था, किन्तु पोस्टिंग आज तक नहीं हो पाई। यहां पर डाक्टरों सहित पैरामेडिकल और अन्य स्टाफ बढ़ाने की आवश्यकता है। इसी तरह हेल्थ सेंटर को अस्पताल के रूप में अपग्रेड करके स्वास्थ्य ईलाज की सुविधाओं को बढ़ाना चाहिए।

#### हेल्थ सेंटर अपग्रेड होना चाहिए

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के हेल्थ सेंटर को अपग्रेड करने की आवश्यकता है और वहां पर परमानेंट डॉक्टरों सहित अन्य स्टाफ की संख्या बढ़ानी चाहिए। मैं वहां से रिटायर हो चुका हूं किन्तु जब भी वहां मेरी आवश्यकता पड़ती है मैं नि:शुल्क सेवा देने जाता हूं। मैं वहां पदस्थ रहते पहले अस्पताल के रूप में अपग्रेड करने और परमानेंट स्टाफ बढ़ाने प्रपोजल भी दिया था।

**-डॉ. एएन मंडल**
रिटायर डॉक्टर, सीयू

#### सभी सुविधाएं उपलब्ध

यूनिवर्सिटी के हेल्थ सेंटर में बेसिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। वहां पर पदस्थ डॉक्टर भी आज काल 24 घंटे ड्यूटी पर रहते हैं और जब भी जरूरत पड़ती है वे आ जाते हैं। रिफर के लायक स्थिति होती है तो सिम्स आदि अस्पताल रिफर किया जाता है। जहां तक हेल्थ सेंटर को अस्पताल के रूप में अपग्रेड करने की प्रक्रिया वाली बात है तो वह लंबी प्रक्रिया है और उसके लिए काफी स्टाफ भी लगता है।

**-प्रो. मनीष श्रीवास्तव**
मीडिया प्रभारी, सीयू

#### पूर्व डाक्टर ने 10 बेड अस्पताल का भेजा था प्रपोजल

गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी के हेल्थ सेंटर में पूर्व में डॉ. एएन मंडल पदस्थ थे, उन्होंने काफी पहले यूनिवर्सिटी को प्रपोजल भेजा था, जिसमें हेल्थ सेंटर को 10 बेड का अस्पताल बनाने और वहां पर कम से कम तीन डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ सहित अन्य स्टाफ की परमानेंट नियुक्ति करने की मांग की थी ताकि पैरामेडिकल स्टाफ वहां रात में यूनिवर्सिटी कैंपस में रह सकें। लेकिन उनके प्रपोजल पर बात आगे नहीं बढ़ पाया।

#### हास्टल में फैला था डायरिया

यूनिवर्सिटी के हास्टल में पिछले साल डायरिया फैल गया था। हास्टल में गंदे पानी का सप्लाई हो रहा था, वहीं भोजन में भी कुछ खराबी सामने आई थी। गर्ल्स हास्टल की कई छात्राएं बीमार पड़ गई थीं। उस समय यूनिवर्सिटी में हायतौबा मच गई थी। यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं ने हास्टल में प्रदर्शन भी किया था।

#### 8 साल तक मेडिकल कालेज का किया संचालन

सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनने के पहले गुरु घासीदास स्टेट यूनिवर्सिटी मेडिकल कालेज सिम्स का संचालन करती रही। यूनिवर्सिटी के अधीन ही बिलासपुर में वर्ष 2000 में मेडिकल कालेज सिम्स खोला गया था और वर्ष 2008 तक सिम्स का संचालन यूनिवर्सिटी ने किया। उसके बाद मेडिकल कालेज राज्य शासन के चिकित्सा शिक्षा विभाग के हाथों में चला गया, इसलिए अब यह सवाल उठने लगा है कि एक समय मेडिकल कालेज का संचालन करने वाले यूनिवर्सिटी के पास खुद का सर्वसुविधा हास्पिटल क्यों नहीं है।


सकरी पुलिस की हिरासत में पकड़े गए आरोपी।

## अमेरी में छापा 7 जुआरी पकड़े गए, रसूखदार भाग निकले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात सकरी पुलिस ने अमेरी के सबसे बड़े फड़ में दबिश देकर 7 जुआरियों को पकड़ लिया है। अंधेरे का फायदा उठाकर जुआ खिलाने वाला व अन्य रसूखदार भाग निकले। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

मंगलवार की रात सकरी टीआई विजय चौधरी को सूचना मिली कि अमेरी खार में बड़ी संख्या में जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। उन्होंने एएसआई राजकुमार वस्त्रकार, आरक्षक समुन कश्यप, सज्जू अली, अफाक खान, अमित पोर्ते, कलीराम यादव, विजेन्द्र कोल, पवन बंजारे, जीना अनंत की टीम बनाकर अमेरी के खार में दबिश दी। पुलिस के आने की खबर लगते ही जुआरियों में भगदड़ मच गई और वे चारों दिशाओं में भागने लगे। पुलिसकर्मियों ने नाला मेढ़ पार करते आधा किलोमीटर दूर तक दौड़ाकर जुआरी बोनी एक्का पिता इमानुल एक्का 30 साल संबलपुरी पेंशनबाड़ा, पकंज बहादुर विश्वकर्मा पिता धनबहादुर विश्वकर्मा 30 साल


आरोपियों से जब्त राशि।

संबलपुरी पेंशनबाड़ा, कविश्वर कुमार घोडीचोरे पिता एनके घोडीचोरे 44 साल राजघराना कालोनी उसलापुर, समारू रात्रे पिता मेलाराम रात्रे 45 साल सतनाम नगर अमेरी, राहुल यादव पिता सहदेव यादव 19 साल सतनामनगर अमेरी, रवि श्रीवास पिता योगेश श्रीवास 18 साल आनंदनगर उसलापुर, साहिल बंजारे पिता संजय बंजारे 19 साल शांतिनगर अक्स होटल के पास निवासी को पकड़ लिया है। उनके पास से 7 हजार 700 रुपए जब्त किया गया है। वहीं अंधेरे का फायदा उठाकर जुआ खिलाने वाले व अन्य रसूखदार जुआरी भाग निकले हैं। बताया जाता है अमेरी के खार में लंबे समय बड़ी जुआ खेला जा रहा था। यहां शहर व बाहर के जुआरी दांव लगाने आ रहे थे।

## स्वास्थ्य संयोजक की परीक्षा 9 नवंबर को

**बिलासपुर।** ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक की भर्ती परीक्षा 9 नवंबर को होगी। इसके लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा के लिए बिलासपुर, रायपुर समेत दस जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। इधर, संचालनालय, स्वास्थ्य सेवायें, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला के 200 पदों पर भर्ती होगी। दोनों पदों के लिए 100-100 पोस्ट हैं। बड़ी संख्या में आवेदन मिला है। प्रवेश पत्र की सूचना के साथ ही व्यापमं ने परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किया है। परीक्षा सुबह 11 बजे से होगी, लेकिन अभ्यर्थियों को साढ़े दस तक परीक्षा केंद्र में पहुंच जाना होगा।

### जीजीयू के तालाब में छात्र की लाश मिलने का मामला

## आज आएगी फोरेंसिक रिपोर्ट, मृत्यु के कारणों का होगा खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जीजीयू के तालाब में छात्र की लाश मिलने के मामले में रहस्य अब भी बरकरार है। बताया जा रहा है मामले की फोरेंसिक रिपोर्ट शुक्रवार को मिल जाएगी। उससे छात्र के मृत्यु के कारणों का खुलासा हो सकता है।



ज्ञात हो कि 21 अक्टूबर से गुरूघासीदास विश्व विद्यालय के स्वामी विवेकानंद हास्टल में रह कर पढ़ाई करने वाला छात्र बिहार निवासी अर्सलान अंसारी लापता हो गया था। 23 अक्टूबर को विश्व विद्यालय के तालाब में उसकी लाश मिली थी। 26 अक्टूबर को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया था। डाक्टरों के द्वारा मृत्यु की स्पष्ट कारण नहीं बताया गया था और बिसरा जांच के लिए फोरेंसिक विभाग में भेज दिया था। शार्ट पीएम रिपोर्ट में सिर में चोट लगना बताया गया था। उसके बाद से छात्र नेताओं के द्वारा अर्सलान की हत्या का आरोप लगाकर लगातार धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। बताया जा रहा है शुक्रवार को फोरेंसिक विभाग के द्वारा एफएसएल रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को सौंप दी जाएगी। इससे स्पष्ट हो जाएगा कि छात्र की हत्या हुई है या फिर पानी में डूबने से मौत हुई है।

#### गुरूवार को मिलेगी रिपोर्ट

छात्र के मौत के मामले में अब तक कोई रिपोर्ट नहीं मिल पाई। संभवत: गुरूवार को फोरेंसिक रिपोर्ट मिल जाएगी। रिपोर्ट देखने के बाद आगे की कार्रवाई विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

**-गगन कुमार** आईपीएस
कोतवाली सीएसपी

## शिक्षकीय कार्य में लापरवाही पर सहायक शिक्षक निलंबित

**वाड्रफनगर।** स्कूल में बच्चों की पढ़ाई के मामले में लापरवाही करने वाले सहायक शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच के बाद सहायक शिक्षक सुनील कुमार पटेल को निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला धनजरा में पदस्थ सहायक शिक्षक सुनील कुमार पटेल के खिलाफ शिकायत की गई थी कि वे बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने के साथ ही कार्य में घोर लापरवाही बरत रहे है। शिकायत के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने बीईओ वाड्रफनगर को मामले की जांच के निर्देश दिए थे। जांच प्रतिवेदन के अनुसार सुनील कुमार पटेल के विरूद्ध अधिरोपित आरोपों की पुष्टि हुई एवं संस्था में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक गुणवत्ता स्तर काफी कम होना पाया गया है। सुनील कुमार पटेल द्वारा पदीय दायित्व के प्रति घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता बरती गई है जिसके लिए सुनील कुमार पटेल का छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-(1) (2) (3) के विपरीत होने से छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 (क) के तहत जिला शिक्षा अधिकारी एमआर यादव द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री पटेल का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रामचन्द्रपुर में निर्धारित किया गया है।

## परिजन जिस युवक का किया अंतिम संस्कार उसने घर आकर बताया मैं जिंदा हूं..

हरिभूमि न्यूज : सूरजपुर

घर के किसी सदस्य की मौत हो जाए तो उस घर के परिजन पर क्या बीतती होगी यह आसानी से समझा जा सकता है। ऐसे में अगर परिजन परिवार के जिस सदस्य का अंतिम संस्कार कर आगे के कार्यक्रम की तैयारी कर हो और उसी समय वही युवक घर आकर परिजन को यह बताए कि वह जिंदा है तो परिवार की खुशी का अंदाजा लगाया जा सकता है। कुछ तरह की घटना सूरजपुर क्षेत्र के ग्राम चंदरपुर में हुई जहां तीन दिन पूर्व कुएं में मिले शव को परिजन ने अपने परिवार के सदस्य के रूप में पहचान का अंतिम संस्कार कर दफना दिया वही वह तीसरे दिन घर लौट आया। इधर पुलिस ने अब नए सिरे से मृतक की पहचान कराने में जुट गई है।



- गांव में बना चर्चा का विषय, अब पुलिस नए सिरे से शुरू की मृतक की पहचान

घटना शनिवार की है जहां चंदरपुर गांव के सीमा मानपुर के पास एक कुएं में अज्ञात युवक का शव मिला। पुलिस ने जब शव का शिनाख्त कराया तो चंदरपुर गांव के पुरुषोत्तम के रूप में परिजन ने पहचान की। परिजन घटना के दूसरे दिन रविवार को शव को ले जाकर दफन कर अंतिम संस्कार कर दिया। अंतिम संस्कार तीसरे दिन के कार्यक्रम की तैयारी परिजन कर रहे थे तभी पुरुषोत्तम खुद घर पहुंच गया। मृतक को जिंदा देख परिजन के साथ पूरा गांव हैरान रह गया। पुरुषोत्तम ने बताया कि वह परिजन को बिना बताए अंबिकापुर अपने रिश्तेदार के पास काम की तलाश में चला गया था। जब उसके रिश्तेदारों को पुरुषोत्तम के अंतिम संस्कार की बात पता चली तो उसे लेकर घर पहुंचे। फिलहाल अब कोतवाली पुलिस अज्ञात मृतक के परिजन की तलाश शुरू कर दी है।

इस संबंध में एएसपी संतोष महतो ने बताया कि शनिवार को मानपुर गांव में एक व्यक्ति का शव मिला था। शव का शिनाख्त कराने पर चंदरपुर निवासी परिजन ने शव की पहचान पुरुषोत्तम के रूप में किया। परिजन शव लेकर चले गए और दफना कर अंतिम संस्कार किया। इसी बीच तीसरे दिन बाद पता चला कि पुरुषोत्तम को कहीं देखा गया है।

## आपरेशन प्रहार के तहत फरार 8 वारंटी पकड़े गए


पुलिस हिरासत में आरोपी।

**बिलासपुर।** आपरेशन प्रहार के तहत सकरी पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर फरार 8 फरार गिरफ्तारी वारंटी को पकड़कर कोर्ट में पेश किया है। मंगलवार की रात सकरी टीआई विजय कुमार चौधरी ने स्टाप के साथ ऑपरेशन प्रहार के तहत विशेष अभियान चलाया गया है।

इस दौरान अलग अलग क्षेत्रों में दबिश देकर विभिन्न मामलों में फरार वारंटियों की धरपकड़ किया गया है। अभियान के दौरान पुलिस ने फरार गिरफ्तारी वारंटी रूपेश जांगड़े पिता राधेश्याम जांगड़े 25 साल वार्ड नम्बर 4 काठाकोनी, परमेश्वर वस्त्रकार पिता विदेशी वस्त्रकार 25 साल खजुरी नवागांव, कैलास श्रीवास पिता स्व. रामप्रसाद श्रीवास 45 साल घुरू, दिनेश लहरे उर्फ टेडका पिता रामकुमार लहरे 32 साल वार्ड नम्बर 14 परसदा, रोशन पिता कैलास श्रीवास 19 साल घुरू, रोहित पिता कैलास श्रीवास 22 साल घुरू, आरती बघेल पति स्व. हरि सिंह जाटवर 27 साल आनंदनगर उसलापुर, रजनी जाटवर पिता स्व. हरि सिंह जाटवर 27 साल आनंदनगर, रजनी जाटवर पति स्व. हरि सिंह 40 साल आनंदनगर उसलापुर को पकड़कर कोर्ट में पेश किया है। पुलिस की विशेष अभियान से क्षेत्र के गुण्डा बदमाशों में हड़कंप मचा हुआ था।

## ऑटोडील दुकान का ताला तोड़कर नकदी और बाइक की चोरी

**अंबिकापुर।** शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। बेखौफ होकर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है। बीती रात भी चोरों ने शहर के ब्रम्ह रोड में एक ऑटो डील दुकान में बाइक व नगदी की चोरी की है। बताया जा रहा है कि शहर के ब्रम्ह रोड में सरफराज अहमद की ताहिर ऑटो डील के नाम से पुरानी बाइक की दुकान है। मंगलवार को सरफराज की दुकान बंद थी। बुधवार की सुबह जब वे दुकान पहुंचे तो ताला टूटा हुआ था। इस दौरान सीसीटीवी कैमरे में कुछ चोर कैद हुए है। चोर लगभग 1.40 बजे दुकान में पहुंचे और ताला तोड़कर अंदर घुसे। लगभग एक घंटे तक चोर आस पास घुमते रहे और एक बाइक के साथ ही 70 हजार रुपए नगद लेकर फरार हो गए। बड़ी बात यह है कि इस क्षेत्र में चोरी का यह पहला मामला नहीं है। इसके पूर्व 28 अक्टूबर को भी बुधवार की रात चोरों ने मकान मालिका अश्वनी कुमार के घर में 45 हजार रुपए और पास में मौजूद मोहम्मद सईद की दुकान से लगभग 80 हजार रुपए का ताम्बे का तार चोरी किया था। चोर मंगलवार को दुकान बंद होने का फायदा उठाकर चोरी कर रहे है। संचालकों ने घटना की शिकायत पुलिस से की है लेकिन आरोप है कि पुलिस इस मामले में गंभीर नहीं है। चोर लगातार बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे है जबकि पुलिस शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं कर रही है।

- मंगलवार को दुकान बंद होने का फायदा उठाकर क्षेत्र में कर रहे चोरी

### पुलिस ने तीन बाइक और एक स्कूटी किया बरामद

## बाइक चोरी करने वाला गिरोह गिरफ्तार खरीददार समेत पकड़े गए 5 आरोपी

**अंबिकापुर।** गांधीनगर पुलिस ने दो पहिया वाहनों की चोरी के मामले में कार्रवाई की है। पुलिस ने चोरी की बाइक खरीदने वाले तीन खरीददार समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी के तीन बाइक और एक स्कूटी बरामद किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजपुर के बरियों अंतर्गत ग्राम अमड़ीपारा निवासी डिहल राम टेकाम 1 अक्टूबर को पकड़ा लेने के लिए विशाल मेगा मार्ट गया था और बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएम 8418 को पार्किंग में खड़ी कर अंदर चला गया था। युवक जब कपड़े लेकर बाहर निकला तो उसकी बाइक गायब थी। वहीं एक अन्य मामले में तुर्रापानी निवासी श्रीमती नीतू सिदार 23 अक्टूबर को अपनी स्कूटी सीजी 15 ईई 7425 को घर के आंगन में खड़ी कर सोने चली गई थी। महिला जब सुबह उठी तो उसकी स्कूटी चोरी हो गई थी। इन दोनों मामलों की शिकायत पुलिस से की गई थी।

पुलिस मामले की जांच कर रही थी इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। युवक की पहचान एमपी के सिहोर जावर बरझापूरा निवासी 30 वर्षीय राहुल विश्वकर्मा आ. शांतिलाल विश्वकर्मा के रूप में की गई। आरोपी शहर के मठपारा में रहकर अपने साथी दिलभदर यादव के साथ लगातार दो पहिया वाहनों की चोरी को अंजाम दे रहा था।



पूछताछ के दौरान आरोपी राहुल विश्वकर्मा अपने साथी दिलभदर यादव के साथ मिलकर विशाल मेगा मार्ट के अतिरिक्त मिशन अस्पताल के पास से हीरो स्प्लेंडर बाइक, सूरजपुर कलेक्टर ऑफिस से एनएक्सजी बाइक व तुर्रा पानी से स्कूटी चोरी करने व बाइक को धर्मेन्द्र यादव, राजकुमार बड़ा व निरंजन मंडल को बिक्री करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने प्रकरण में मणीपुर थाना अंतर्गत सुन्दरपुर निवासी 40 वर्षीय दिलभदर यादव आ. देवसाय यादव, सत्तीपारा निवासी 24 वर्षीय धर्मेन्द्र यादव उर्फ विक्कू आ. लवराम यादव, राजपुर गोपालपुर निवासी 35 वर्षीय राजकुमार बड़ा आ. दल्लू राम व डिगमा निवासी 55 वर्षीय निरंजन मंडल आ. महादेव मंडल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से एक स्कूटी और तीन बाइक बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों को बीएनएस की धारा 303(2), 3(5), 61 (2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**नवागढ़।** पुलिस ने दबिश देकर 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पकड लिया है। मामला नवागढ़ थाना अंतर्गत ग्राम गोधना का है। इस संबंध में नवागढ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर आरोपी उत्तम कश्यप के कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची महुआ कीमती 25 सौ रुपए को बरामद कर आरोपी के विरुद्ध थाना नवागढ़ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में निरीक्षक कमलेश शेन्डे थाना प्रभारी नवागढ़, सउनि भुनेश्वर राठौर आरक्षक, श्याम कुमार शांते, देवराज लसार, रामसरकर कश्यप, प्रधान रक्षक चंद्रकांत कश्यप एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।

### अज्ञात गाड़ी ने बाइक को मारी टक्कर पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल

**अकलतरा।** नेशनल हाईवे 49 में ग्राम मुरलीडीह के पास बने ओवर ब्रिज में अज्ञात कार चालक के द्वारा बाइक को टक्कर मार दी गई जिससे बाइक सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। नगर के एक युवक की मदद से घायल पति-पत्नी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा लाया गया जहां से उन्हें सिम्स बिलासपुर के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी मिली कि नगर का एक युवक तस्वीर शर्मा बुधवार की शाम 4:30 बजे बिलासपुर से अकलतरा लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम मुरलीडीह के पास नेशनल हाईवे 49 में बने ओवर ब्रिज में लोगों की भीड़ देखकर वह भी रुका। उसने देखा कि भीड़ के बीच में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल पड़े हुए हैं। पूछताछ करने पर घायल दंपत्ति की पहचान ग्राम नंदेली जांजगीर निवासी सुभाष पांडे उम्र 58 वर्ष एवं उनकी पत्नी ममता पांडे उम्र 50 वर्ष के रूप में हुई। इसके बाद तस्वीर शर्मा के द्वारा डायल 112 एवं बीएमओ डॉक्टर महेंद्र सोनी को घटना की सूचना दिए जाने पर शासकीय एंबुलेंस से घायल दंपति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा ले जाया गया। बताया जा रहा है कि जिस गाड़ी से दंपति को टक्कर मारी गई है उसका नंबर घायल दंपत्ति के द्वारा नोट कर लिया गया है एवं पुलिस को इसके बारे में सूचना दी गई है।

### डोंगाकोहरौद की बदहाल सड़क को लेकर ग्रामीण करेंगे चक्काजाम कल

**डोंगाकोहरौद।** डोंगाकोहरौद बलौदा बाजार मुख्य मार्ग की हालत बद से बदतर के चलते ग्रामीणों ने 7 नवंबर को 10 बजे अंबेडकर चौक पर चक्काजाम करने की बात कही है।

बताया जाता है कि तकरीबन 5 किमी की सड़क की हालत अत्यंत ही खराब है। जिसको लेकर जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से जल्द मरम्मत नहीं होने पर चक्काजाम करने की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने बताया कि डोगाकोहरौद बलौदा बाजार मार्ग पूरी तरह से जर्जर होने के चलते आवागमन में काफी परेशानी होती है। इसके पूर्व भी डोंगाकोहरौद के ग्रामीणों द्वारा बलौदा बाजार डोंगाकोहरौद सड़क मार्ग की जर्जर हालत को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा जा चुका है।

### छतदार चबूतरा और सीसी रोड निर्माण का भूमि पूजन

पामगढ़। जनपद पंचायत पामगढ़ की अध्यक्ष निधि से ग्राम पंचायत पेंड्री में विकास कार्यों की शुरुआत की गई। मंगलवार को यहां 3 लाख रुपये की लागत से छतदार चबूतरा एवं 5 लाख 20 हजार रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती रंजना मानेश जांगड़े अध्यक्ष जनपद पंचायत पामगढ़ रहीं। उनके साथ जनपद उपाध्यक्ष रूपचंद साहू, सरपंच श्रीमती द्रौपदी रवि वर्मा, पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती अनीता साहू, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता कनक राम जोशी, उपसरपंच तोसेन लहरे, शैलेंद्र खरे, प्रशांत लहरे, रामजी जांगड़े, महिला स्व सहायता समूह की बहनें, एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## निधन

### सी.के. शर्मा



**कोरबा।** जिला अधिवक्ता संघ के सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सी.के.शर्मा का मंगलवार देर शाम ओजोन न्यूरो सेंटर में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे बीते कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। श्री शर्मा का अंतिम संस्कार बुधवार की दोपहर 12 बजे पोड़ीबहार मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में परिजन सहित अधिवक्तागण शामिल हुए।

## निधन

### पीएचई अब...

स्वीकृत हुआ करती थी तब पेयजल सुविधा के लिए हैंडपंप ही एक सहारा हुआ करते थे। राज्य शासन ने ग्रामीणों की सुविधा के लिए सौ घर के बीच एक हैंडपंप का मापदंड लागू किया था जिसे पूरा करते हुए विभाग द्वारा अब तक 11 हजार से अधिक हैंडपंप का खनन किया जा चुका है और इसके बाद विभाग के द्वारा जिले के ग्रामीण अंचलों में नया हैंडपंप खनन का काम पूरी तरह बंद कर दिया गया है।

## कैबिनेट मंत्री ने विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली

# राज्योत्सव में जनसंवाद के माध्यम से बढ़ी शासकीय योजनाओं की पहुंच और समझ


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में राज्य स्थापना के 25वीं वर्ष गांठ पर आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव में शासकीय विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल के माध्यम से आम लोगों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके

**खास बात**
- शासकीय योजनांतर्गत हितग्राहियों को सामग्री एवं चेक वितरित किए गए

साथ ही विभाग के द्वारा विकास कार्यों की झांकी भी लगाई गई थी। जिसका अवलोकन समापन समारोह के मुख्य अतिथि लखनलाल देवांगन ने करते हुए विभागों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विभिन्न हितग्राहियों के योजनाओं को चेक भी प्रदान किया गया।

कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने विभाग में संचालित कृषि यांत्रिकीकरण सब्मिशन योजना के तहत ग्राम चीतापाली निवासी सुरितलाल कंवर को



चेक प्रदान करते उद्योग मंत्री।

1 लाख 45 हजार रुपये लागत की पावर रिपर प्रदान की, जिसमें कृषक अंशदान 96 हजार रुपये और अनुदान 50 हजार रुपये शामिल हैं। इसी प्रकार पतरापाली के दुखीराम, केराकछार के इंद्रभान सिंह को विद्युत पंप और रामसाय तथा संजीव को द्वि-फसली क्षेत्र विस्तार हेतु गेहूं पैकेट प्रदान किए गए। पुलिस विभाग के द्वारा सजग कोरबा सतर्क कोरबा अभियान का संदेश देते हुए आयुध एवं आग्नेय शस्त्रों की प्रदर्शनी आयोजित कर लोगों को जानकारी दी गई। विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आम नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने जिले में पाए जाने वाले सर्प किंग कोबरा की प्रदर्शनी आयोजित कर लोगों को जागरूक किया, इसके साथ ही हर्बल उत्पाद और वन औषधियों का प्रदर्शन भी किया गया। आदिवासी विकास विभाग ने आदिवासी संस्कृति संरक्षण की झांकी प्रस्तुत की, साथ ही धनुष-बाण जैसी दैनिक उपयोग की वस्तुओं का प्रदर्शन किया और खुमरी भेंटकर सम्मानित किया। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न शैक्षिक मॉडलों का प्रदर्शन कर शिक्षा का संदेश दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि, सक्षम आंगनवाड़ी, सुपोषण वाटिका और रेडी टू ईट योजनाओं का प्रदर्शन कर स्वास्थ्य, सुपोषण और शिक्षा का संदेश दिया गया। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों ने स्टॉल लगाकर मिलेट कोदो, कुटकी और रागी के स्वादिष्ट छत्तीसगढ़ी व्यंजन, ठेठरी, खुरमी, चीला आदि की व्यवस्था की। उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी विभाग द्वारा किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं और जनहितकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

## मजदूरी में दिया गया चेक हुआ बाउंस, मजदूर ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शिकायतकर्ता।

निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज में काम करने वाले निशक्त मजदूर नरेश कुमार रोहिदास को ठेकेदार द्वारा मेहनताना के तौर पर दिया गया चेक बाउंस हो गया। चेक बाउंस होने के बाद उसे मजदूरी देने के बजाए धमकी मिलने लगी। पीड़ित दंपत्ति ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

दरअसल सीजीएमएससी ने लगभग 324 करोड़ रुपए की लागत वाले इस भवन का ठेका कोलकाता की सरकारी संस्था ब्रीज एंड रूफ को दिया है। ब्रीज एंड रूफ ने निर्माण कार्य की जिम्मेदारी रांची की दीपांशु बिल्डर नामक कंपनी को सौंपी है। इस मुख्य ठेका कंपनी के तहत कई छोटे-बड़े ठेकेदार अलग-अलग क्षेत्रों से मजदूरों को काम पर लगा रहे हैं। इन्हीं मजदूरों में जांजगीर-चांपा जिले के पचौरी सारागांव निवासी नरेश कुमार रोहिदास भी शामिल है। नरेश एक पैर से निशक्त है और पिछले 6 महीने से अपनी पत्नी के साथ ठेकेदार के पास काम कर रहा था। मंगलवार की दोपहर को वह अपनी शिकायत लेकर सिविल लाइन थाना पहुंचा। उसने बताया कि दीपावली पर्व नजदीक आने पर उन्होंने ठेकेदार से अपनी मजदूरी मांगी थी। ठेकेदार ने घर जाते समय नरेश को 6 हजार रुपए कैश दिए और 9 हजार 750 रुपए के चेक भी दिया। जब नरेश ने चेक को बैंक मे जमा किया तो चेक अपर्याप्त निधि के टीप के साथ बाउंस हो गया। चेक बाउंस होने की जानकारी मिलने पर दंपत्ति ने ठेकेदार से संपर्क किया और उन्हें इसकी सूचना दी। इस पूरे मामले में सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद डनसेना ने बताया कि घटनास्थल रजगामार चौकी क्षेत्र का बताया जा रहा है। मामले की सूचना संबंधित चौकी को दी जाएगी जिससे आगे की कार्रवाई की जा सके।

## सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

3लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत को सम्मान देने के उद्देश से शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी शिव कुमार दुबे एवं श्रीमती अंजली के प्रवीण नेतृत्व में आयोजित हुए इन कार्यक्रमों में महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं शैक्षिकेत्तर कर्मचारियों तथा महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों ने सहर्ष भाग लिया। 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ के साथ आरंभ हुई। समापन 4 नवंबर को एकता में शक्ति, आज के युवाओं के लिए पटेल का संदेश शीर्षक के व्याख्यान के साथ हुआ। इस दौरान देश की भावी युवा पीढ़ी में राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए वाद-विवाद, भाषण, निबंध लेखन, पोस्टर एवं बैनर निर्माण आदि प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। इस मौके पर जिला संगठक वाईके तिवारी, रेवती रमण मिश्र, प्रो. अखिलेश पाण्डेय, साहिल पाटले, ईशु कुमार, हिमांशु, आयुष द्विवेदी, संजना राठौर, सुमन सोंधिया, दिव्यानी साहू, हिंगलेश्वरी साहू, मोनू गुप्ता, साक्षी राठौर, अन्नुश्री राठौर उपस्थित रहे।

## एचटीपीएस के क्लोरीनेशन प्लांट में किया गया मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में उस समय हडक़ंप मच गया जब क्लोरीनेशन प्लांट में हताहत होने की सूचना आपात स्थिति नियंत्रक केंद्र को दी गई।

**खास बात**
- चोटिल एक कर्मचारी को बचाया गया

केवल 45 सेंकड में रिस्पांस करते हुए सुबह के 11.59 बजे अग्निशमन कर्मचारी अपने वाहन के साथ पहुंचे और तुरंत ही क्लोरीनेशन प्लांट के सामने पानी की बौछार कर एक वाटर कर्टेन तैयार किया ताकि वहां पर क्लोरीन गैस के रिसाव को रोका जा सके। क्लोरीनेशन प्लांट के अंदर एक कर्मचारी फिसलकर गिर गया था जिससे वह चोटिल हो गया।



उसे अग्निशमन कर्मचारियों द्वारा रेसक्यू किया गया।

क्लोरीनेशन प्लांट की शिफ्ट इंचार्ज सविता पटेला ने बताया कि क्लोरीनेशन प्लांट में टोनर को बदलने के बाद क्लोरीन गैस का रिसाव हुआ था। इससे अलार्म बजा। शिफ्ट इंचार्ज द्वारा घटना की सूचना आपात स्थिति नियंत्रक केंद्र को दी गई। आपात स्थिति नियंत्रक केंद्र ने त्वरित रूप से मुख्य दुर्घटना नियंत्रक, अग्निशमन विभाग, सुरक्षा विभाग, संधारण विभाग एवं औद्योगिक स्वास्थ्य केंद्र को सूचना दी। यह संरक्षा विभाग की ओर से संयुक्त पूर्वाभ्यास था, जिसमें डीएसपीएस कोरबा पूर्व समेत अन्य औद्योगिक इकाइयां एनटीपीसी, बालको, आईओसीएल, एलपीजीबीपी के संरक्षा विभाग के प्रतिनिधि शामिल रहे। इसके बाद औद्योगिक इकाई एनटीपीसी, बालको, आईओसीएल, सह एलपीजीबीपी के संरक्षा विभाग के प्रतिनिधियों के सूक्ष्म निरीक्षण संबंधी बातों को कारखाना प्रबंधक ने सुना और कार्यप्रणाली में आवश्यक बदलाव लाकर प्रक्रियाओं को और दुरूस्त करने की बात कही। इस पूर्वाभ्यास में रसायन विभाग से वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ एके कुरनाल, अधीक्षण अभियंता (संरक्षा) आरके बंजारा, अधीक्षण अभियंता (संचालन) नरेंद्र कुमार उइके, अधीक्षण अभियंता (टरबाइन मेंटेनेंस) मनोज जायसवाल, अग्निशमन विभाग से जीपी पनरिया, मुख्य सुरक्षा अधिकारी आरके. चैरे अपने दलबल के साथ शामिल हुए।

## पिकनिक मना कर वापस जाते समय पिकअप के पलटने से 7 लोग गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

दलहा पहाड़ में स्थित मुनि आश्रम केरा चुंआ में पिकनिक मना कर वापस लौटते समय पिकअप गाड़ी के पलट जाने के कारण पिकअप में सवार ग्राम पड़रिया के 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए सिम्स बिलासपुर के लिए रेफर किया गया है।

घटना के संबंध में यह जानकारी मिली कि ग्राम पड़रिया के 20-25 लोग पिकअप क्रमांक में सवार होकर आज सुबह कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पिकनिक मनाने के लिए दलहा पहाड़ में स्थित मुनि आश्रम केरा चुंआ गए हुए थे। पि क नि क मनाने के बाद शाम 4:00 बजे सभी ग्रामवासी पुनः पिकअप में सवार होकर ग्राम पड़रिया वापस लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम पड़रिया के पूर्व टर्निंग में चालक पिकअप पर नियंत्रण खो बैठा एवं पिकअप खेत में जाकर पलट गया जिससे गाड़ी में सवार कई लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मां कर्मा एंबुलेंस के संचालक पारस साहू को मिलने पर चार एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

**खास बात**
- अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम पडरिया की घटना



हादसे के बाद लगी लोगों की भीड।

अकलतरा लाया गया जहां नरेंद्र कुमार उम्र 14 वर्ष, पंचराम कंवर उम्र 40 वर्ष, खगेश कंवर उम्र 15 वर्ष, उत्तम सिंह उम्र 25 वर्ष , अजीत कंवर उम्र 25 वर्ष, राज कंवर उम्र 15 वर्ष ,राहुल कंवर उम्र 13 वर्ष सभी निवासी ग्राम पड़रिया को गंभीर चोट लगने पर चिकित्सकों के द्वारा सिम्स बिलासपुर के लिए रेफर कर दिया गया। दुर्घटना में घायल अन्य लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। ग्राम पड़रिया के लोग 20-25 की संख्या में बुधवार 5 नवंबर की सुबह कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मुनि आश्रम केरा चुंआ पिकनिक मनाने आए थे एवं वापसी के दौरान टर्निंग में नियंत्रण खोने के चलते पिकअप दुर्घटना का शिकार हो गया। ग्राम वासियों ने बताया कि पिकअप चालक अत्यधिक शराब के नशे में था जिसके चलते वह ग्राम पड़रिया के पहले टर्निंग में पिकअप गाड़ी पर से नियंत्रण खो बैठा और यह दर्दनाक हादसा हो गया।

## सलखन गौठान में 14 मवेशियों की मौत, पुलिस ने की एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज : जांजगीर-चांपा

जिले के ग्राम सलखन स्थित गौठान में मवेशियों की सामूहिक मौत के मामले ने प्रशासनिक तंत्र को हिला कर रख दिया है। पुलिस ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए मामले में अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 अक्टूबर को ग्राम पंचायत सलखन के गौठान में कई मवेशियों के मृत पाए जाने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक रामप्रसाद बघेल हमराह स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान गौठान परिसर में कुल 14 मवेशी 7 गाय और 7 बैल ण्मृत अवस्था में पाए गए। इसके अलावा 5 मवेशियों के कंकाल तथा 3 मवेशी घायल अवस्था में भी मिले, जिनका मौके पर उपचार कराया गया। घटनास्थल का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चांपा यदुमणि सिदार, तहसीलदार, पशु चिकित्सक, हल्का पटवारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। सभी मृत मवेशियों का पंचनामा गवाहों गोपाल कृष्ण कश्यप एवं अंकित तिवारी की मौजूदगी में तैयार किया गया। मृत मवेशियों एवं कंकाल का

- पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत की गई है कार्रवाई

पोस्टमार्टम वरिष्ठ पशु चिकित्सक, जांजगीर की देखरेख में कराया गया है। प्राथमिक जांच में पाया गया कि गौठान परिसर में चारों ओर झटका तार से घेरा किया गया था, जिसके अंदर ही तालाब स्थित है। प्रथम दृष्टया जांच में गौठान संरक्षक की लापरवाही को मवेशियों की मौत का संभावित कारण माना गया है। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने उचित जांच एवं वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चांपा यदुमणि सिदार के नेतृत्व में जांच टीम गठित की गई है। घटना के संबंध में थाना शिवरीनारायण में धारा 325 भारतीय दंड संहिता एवं धारा 11(1)(क) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मवेशियों की मृत्यु का वास्तविक कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, किंतु लापरवाही का तत्व स्पष्ट रूप से सामने आ रहा है।

## महंगी बिजली दर के विरोध में आम आदमी पार्टी ने किया धरना-प्रदर्शन

**जांजगीर-चांपा।** आम आदमी पार्टी द्वारा बिजली दर की वृद्धि के विरोध में जिला जांजगीर के कचहरी चौक पर धरना प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार आम जनता की परेशानी को नज़र अंदाज कर रही है छत्तीसगढ़ की जनता अनाप शनाप बिजली के बिलों से त्रस्त हो चुकी है साथ ही नए स्मार्ट मीटर के जरिए सरकार प्राइवेट बिजली कंपनियों से साठगांठ कर मनमाना रुपए उपभोक्ताओं से वसूली कर रही है। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा जनता को हो रही इन परेशानियों पर धरना प्रदर्शन कर एसडीएम जांजगीर के माध्यम से मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन सौंपा गया है। जिला अध्यक्ष डॉ हेमंत कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ एक बिजली सरप्लस राज्य है, आम जनता को सस्ती बिजली मिलने के बजाय बिजली महँगी करना समझ से परे है। धरना प्रदर्शन को प्रदेश महिला विंग अध्यक्ष श्रीमती मिथिलेश बघेल एवं जिला सचिव विनय गुप्ता नेभी संबोधित किया। धरना प्रदर्शन में लोकसभा अध्यक्ष



परमेश्वर प्रसाद सांडे, ललित बघेल परदेशी कश्यप, बीना पटेल, फिरतराम मनहर , ऋषि यादव, अविनाश सिंह, प्रेम नारायण पांडे, राजीव केडिया,प्रिंस दिवाकर, मेलाराम, गणेश बिंद, साहेब लाल यादव, डॉ रामराज कुर्रे, रामकृष्ण कश्यप, सतीश राठौर, रहमैया रत्नाकर गणपत महिलांगे, संतोष कुर्रे, राजा कुर्रे, साथी उपस्थित रहे।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998



## खबर संक्षेप



### देव दीपावली पर 365 सिक्के के ऊपर जलाए घी के 365 दीये

**हरदीबाजार।** देव दीपावली पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रवाल परिवार ने हरदीबाजार, शांतिनगर स्थित स्व. श्रीमती कंचन बाई राठौर की स्मृति में निर्मित शिव मंदिर में एक रुपए के 365 सिक्के में घी से 365 दीया जलाकर अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही भोग प्रसाद सहित मिठाई का वितरण किया गया। इस दौरान मुरारी अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल, शिप्पी (रिचा) अग्रवाल, राजाराम राठौर, जगदम्बे राठौर, रशिम राठौर, प्रभा कंवर, यशु, शिवम्, कान्हा, बेबी दद्दू सहित अन्य शिव भक्त उपस्थित थे।

### डॉ टंडन को मिला छत्तीसगढ़ कला श्री सम्मान



**कोरबा।** सतनाम के फुहारा लोक कला साहित्य सृजन अकादमी द्वारा सद्भावना भवन जैजैपुर के सभागार में राज्य अलंकरण सम्मान समारोह 2025 का आयोजन कर 21 अलग अलग विधाओं से उत्कृष्ट व्यक्तित्व का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सारंगढ़ बिलाईगढ़ लोक सभा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं बिलाईगढ़ विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे जिला पंचायत अध्यक्ष शक्ति श्रीमती पुष्पा परदेशी खूंटे उपस्थित रहे। राज्य अलंकरण सम्मान समारोह 2025 की कड़ी में डॉ.वीरेन्द्र कुमार टंडन को सामाजिक क्षेत्र, शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में कार्य करने के लिए छत्तीसगढ़ कला श्री सम्मान, प्रशस्ति पत्र, शॉल, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ. वीरेन्द्र कुमार टंडन एसईसीएल कुसमुंडा माइनिंग इंजीनियर एवं एससीएसटी ओबीसी काउंसिल के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं डॉ.हरगोविंद कौशले प्रांताध्यक्ष उपस्थित रहे।

### संदीप ने राज्योत्सव में दी प्रस्तुति



**कोरबा।** राज्योत्सव में कलाकार संदीप शर्मा ने अपने साथी मोना जायसवाल और बिंदु तिवारी के साथ बेहतरीन गाने की प्रस्तुती दी। घंटाघर में 2 से 4 नवंबर तक आयोजित किया गया। संदीप शर्मा ने सबसे पहले जरी की पगड़ी बांधे सुंदर आंखों वाला भजन की प्रस्तुति दी। इसके बाद साजन फिल्म का गजल जिए तो जिए कैसे बिन आपके गाया। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ी गीत मिठ मिठ लागे माया के बानी, फ़िल्मी गीत सारा जमाना हसीनों का दीवाना की प्रस्तुति दी। श्रोताओं के विशेष डिमांड पर फिर से एक और भजन मेरे झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे की प्रस्तुति दी। इसके बाद गजल चांदी जैसा रंग है तेरा सोने जैसे बाल और उसके बाद आजा सनम मधुर चांदनी में हम गीत की प्रस्तुति दी। संदीप शर्मा ने इससे पूर्व भी कई प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी कला का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कोरबा के पाली महोत्सव, जांजगीर मे बैरिस्टर छेदी लाल महोत्सव बिलासपुर, रायपुर, भिलाई, उत्तरप्रदेश, बिहार और गोवा सहित विभिन्न शहरों में आयोजित कार्यक्रमों में गीतों की प्रस्तुति देकर प्रशंसा अर्जित की है।

### ग्राम खोडरी के भूविस्थापितों को रोजगार हेतु सौंपा गया नियुक्ति पत्र



**गेवरा दीपका।** कुसमुंडा क्षेत्र के सभागार में 4 नवंबर को ग्राम खोड़री के भूमि विस्थापितों को रोजगार प्रदान करने हेतु एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नियुक्ति पत्रों का वितरण कुसमुंडा क्षेत्र के महाप्रबंधक (संचालन) एके रॉय, महाप्रबंधक कुसमुंडा क्षेत्र एसटी पाटिल तथा स्टाफ अधिकारी (भू एवं राजस्व) द्वारा किया गया। यह पहल कुसमुंडा क्षेत्र द्वारा सामाजिक दायित्व एवं पुनर्वास नीति के अंतर्गत विस्थापितों के हित में की जा रही निरंतर कार्ययोजना का हिस्सा है। जिन लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए उनमें अरुण कुमार, पुरुषोत्तम दास, बीरबल दास, ईश्वर दास, गौरी नंदिनी एवं प्रकाश दास शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कुसमुंडा क्षेत्र में एक आश्रित रोजगार (अनुकंपा नियुक्ति) शिवम मिश्रा का स्क्रीनिंग किया गया एवं तीन सीएमपीएफ स्क्रीनिंग मामलों का परीक्षण भी एके रॉय, महाप्रबंधक (संचालन) द्वारा किया गया।

## नरसिंह गंगा एवं अहिरन नदी में कार्तिक पूर्णिमा स्नान करने जुटी श्रद्धालुओं की भीड़

# देव आरती से जगमगा उठा घाट, गुरुद्वारा में शबद कीर्तन और लंगर



कार्तिक पूर्णिमा पर हसदेव नदी घाट मे की गई देव आरती।



गुरुद्वारा में शबदकीर्तन में शामिल समाज के लोग।



लंगर में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हसदेव नदी का घाट देव आरती से गूंज उठा वहीं प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा में सबद कीर्तन और लंगर का आयोजन होने के साथ अंचल के नरसिंह गंगा व अहिरन नदी में कार्तिक पूर्णिमा का स्नान करने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी हुई थी।

एक माह तक चलने वाला त्यौहारों के लिए पहचाना जाने वाला कार्तिक मास का समापन कार्तिक पूर्णिमा के दिन से हो गया। बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा की तिथि होने के कारण नदी तालाबों में पूर्णिमा स्नान करने वाले श्रद्धालु सुबह से ही घाटों में पहुंच गए थे। त्यौहारों में सबसे प्रमुख त्यौहार कार्तिक पूर्णिमा का सुबह के स्नान का अलग महत्व है। इस महत्व को समझते हुए श्रद्धालु अंचल के हसदेव नदी नरसिंह गंगा और अहिरन नदी में स्नान कर पूजा अर्चना की। शहर में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर दो बड़े आयोजन हुए। सिक्खों के गुरु गुरुनानक देव की जयंती पर मनाए जाने वाला प्रकाश पर्व पर दो दिन पूर्व शहर में शोभायात्रा निकाली गई थी। वहीं बुधवार को टीपी नगर गुरुद्वारे व कुसमुंडा गुरुद्वारे में ग्रंथियों के द्वारा सुबह से ही गुरुग्रंथ साहब का श्रवण कर सबद कीर्तन की शुरुआत की गई। जिसमें शामिल होने के लिए सिक्ख समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। दोपहर बाद दोनों स्थानों के गुरुद्वारों में लंगर का आयोजन हुआ जो दोपहर बाद तक अनवरत रुप से जारी रहा। इसी तरह दूसरा बड़ा आयोजन देव दीवाली का था कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हसदेव नदी घाट में नमामी हसदेव समिति के द्वारा हसदेव आरती का आयोजन किया गया था। जिसमें शामिल होने और देखने के लिए गेवरा कुसमुंडा के साथ शहर और उपनगरीय क्षेत्र दर्री, बालको से भी लोग बड़ी संख्या में हसदेव नदी घाट पहुंचे हुए थे। गोधूलि बेला के खत्म होने के बाद पूजा अर्चना कर शाम 7 बजे से हसदेव आरती की शुरुआत हुई। इससे पूर्व वहां पहुंचे लोगों ने दीपदान भी किया। तो वहीं शिव सेना ने चुनरी चढ़ाई। देव आरती की शुरु होते ही हसदेव नदी का घाट शंख और घंटियों की आवाजों से गूंज उठा। साथ ही आरती के रौशनी से समूचा घाट जगमगा उठा।

### नरसिंह गंगा पर्यटन स्थल में लगा मेला



जिले के पर्यटन स्थल में शामिल नरसिंह गंगा में प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेले का आयोजन किया जाता है। पहाड़ों से गिरने वाले झरने में स्नान करने आसपास के ग्रामीण कार्तिक पूर्णिमा के दिन बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेला लगा हुआ था। जहां शहर के साथ पाली, कटघोरा, चैतमा, हरदीबाजार से पहुंचे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डूबकी लगाई। नरसिंह गंगा में प्रतिवर्ष मेले में लगने वाली भीड़ भी बढ़ती जा रही है, वहीं आसपास के ग्रामीण अंचलों के व्यवसायी दुकाने लगाते हैं।

### अहिरन नदी में मनाया गया कार्तिक पूर्णिमा पर्व



कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत विकास नगर आईबीपी प्लांट के पीछे अहिरन नदी तट पर तड़के सुबह दीप दान महोत्सव मनाया गया। सूर्योदय से पूर्व ही क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में नदी पहुंचे जहां पूजा अर्चना कर नदी में दीपक प्रवाहित किया। इस वर्ष नदी के तट को लाइट झालरों से सजाया गया था, प्रसाद वितरण के लिए टेंट लगाए गए थे। नदी किनारे ही भगवान भोलेनाथ के मिट्टी से प्रतिमा बनाई गई थी। सभी श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर क्षेत्र की पार्षद गीता गभेल, पूर्व पार्षद और विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अमरजीत सिंह, पूर्व पार्षद और कांग्रेस के कुसमुंडा ब्लॉक अध्यक्ष बसंत चंद्रा,इमली छापर पार्षद पति व युवा भाजपा नेता लखन सिंह भी क्षेत्रवासियों संग मौजूद रहे उन्होंने भी क्षेत्र व जिलेवासियों के सुख और समृद्धि के लिए पूजा अर्चना की। मौके पर कुसमुंडा पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था हेतु जवानों की तैनाती की थी। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्र की महिलाओं ने नदी किनारे ही कीर्तन भजन का कार्यक्रम किया।

# कंटीन्यूअस माइनर मशीन से कोयला उत्खनन, कर्मियों को किया जा रहा प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल रजगामार भूमिगत कोयला खदान में कंटीन्यूअस माइनर मशीन पहुंचने के बाद अब इसे खदान में उतारने की प्रक्रिया जारी है। खदान में कंटीन्यूअस माइनर मशीन के जरिए कोयला उत्खनन करने के पूर्व कोयला कर्मियों को प्रशिक्षण देने का काम किया जा रहा है।

**खास बात**

- आने वाले दिनों में जल्दी ही रजगामार भूमिगत खदान से मशीन के जरिए होगा कोयला का उत्खनन

कोयला कर्मियों के प्रशिक्षित होने के बाद मशीन के जरिए कोयला उत्खनन का काम शुरु किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल प्रबंधन द्वारा रजगामार के भूमिगत कोयला खदान में कंटीन्यूअस माइनर मशीन के जरिए इस वर्ष की पहली तिमाही में ही कोयला उत्खनन शुरु करने की योजना बनाई गई थी। हालांकि कुछ प्रक्रियाओं में देरी के कारण इसमें विलंब हुआ। यह मशीन कोयले के उत्पादन को बढ़ाने और मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगाई गई है जिससे खदान में कोयला उत्पादन में वृद्धि के साथ साथ मजदूरों को भी सुरक्षा दी जा सके। यहां बताना होगा कि कंपनी ने केतकी खदान में कंटीन्यूअस माइनर मशीन का उपयोग करके कोयला उत्खनन शुरु किया है जो कि कोयला इंडिया की पहली एमओडी खदान है। रजगामार भूमिगत खदान में कंटीन्यूअस माइनर मशीन से कोयला उत्पादन के लिए कोयला कर्मियों को बैकुंठपुर क्षेत्र के झिलमिली अंडरग्राउंड खदान चिरमिरी कोयला खदान से पहुंचे कोयला कर्मियों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आने वाले समय में सिंघाली कोयला खदान में भी कंटीन्यूअस माइनर मशीन उतारी जाएगी।

### बिना ब्लास्टिंग के किया जाएगा उत्खनन

कंटीन्यूअस माइनर मशीन से कोयला निकालने के लिए ब्लास्टिंग करने की जरुरत नहीं होगी। इस विकसित तकनीक से मशीन के द्वारा सीधे कोयले का कटिंग होगा। मशीन 350 से 500 मीटर तक की गहराई से कोयला उत्खनन करेगा। उत्खनन करने के साथ ही कोयले को सरफेस तक लाने का काम मशीन ही करेगी। इससे फिलहाल प्रतिदिन 1 हजार टन और सालाना 3 लाख टन औसतन उत्पादन होगा। बाद में उसे बढ़ाकर 4 लाख टन उत्पादन की योजना है।

# साडा दर्री में जल्द खुलेगा प्रीमियम शॉप, आबकारी विभाग जुटा तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

शहर में शराब प्रेमियों के लिए आबकारी विभाग ने पहले ही प्रीमियम शॉप खोल रखा है। अब आबकारी विभाग उपनगरीय क्षेत्रों में भी प्रीमियम शॉप खोलने की तैयारी में है। बताया जाता है कि साडा कॉलोनी दर्री में दूसरा प्रीमियम शॉप खोला जाएगा । जिसकी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। आने वाले कुछ दिनों के भीतर यहां प्रीमियम शॉप खुलकर तैयार हो जाएगा। इसके बाद मदिरा प्रेमियों को उनके पसंद के अनुरूप के शराब वहां मिला करेगी।

उल्लेखनीय है कि मदिरा प्रेमियों को उनके पसंद के अनुरूप व उच्च कोटि का शराब मुहैय्या हो सके इसके लिए आबकारी विभाग ने शहर के टीपी नगर क्षेत्र में प्रीमियम शॉप खोला है। इस शॉप में उच्च कोटि की शराब मदिरा प्रेमियों को उपलब्ध करायी जाती है। टीपी नगर क्षेत्र में बेहतर रिस्पांस आने के बाद आबकारी विभाग ने आउटर व उपनगरीय क्षेत्र में भी प्रीमियम शॉप खोलने के लिए शासन से अनुमति मांगी थी। दर्री में एक प्रीमियम शॉप खोले जाने की अनुमति मुख्यालय से आबकारी विभाग को पहले ही मिल चुकी है जिसके लिए साडा कॉलोनी दर्री जमनीपाली में प्रीमियम शॉप खोलने की दिशा पर आबकारी विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है और उक्त स्थल पर जल्द ही मदिरा प्रेमियों को बेहतर रेंज के शराब मिल सकेंगे।

### कटघोरा का अंग्रेजी शराब दुकान कसनिया में किया गया शिफ्ट

कटघोरा के अंग्रेजी शराब दुकान मुख्य मार्ग से बहुत अंदर होने की वजह से शराब की बिक्री प्रभावित हो रही थी। साथ ही मदिरा प्रेमियों को शराब लेने के लिए लंबी दौड़ लगानी पड़ रही थी। लगातार शिकायत मिलने पर आबकारी विभाग की टीम ने इस दुकान को शिफ्ट करने की दिशा पर पहल की थी और आबकारी विभाग ने अब कसनिया के समीप अंग्रेजी शराब दुकान को शिफ्ट कर दिया है जिससे क्षेत्र के लोगों को शराब खरीदने के लिए लंबी दौड़ नहीं लगानी पड़ रही है और कसनिया में शराब दुकान खोलने से आबकारी विभाग की बिक्री में भी इजाफा दर्ज किया गया है।

### क्या होता है प्रीमियम शॉप

छत्तीसगढ़ में प्रीमियम शॉप एक विशेष प्रकार की शराब की दुकान है, जो बड़े मॉल या शॉपिंग कॉम्पलेक्स में संचालित की जाती है। इन दुकानों में उच्च गुणवत्ता वाली विदेशी ब्रांड की शराब उपलब्ध होती है। प्रीमियम शॉप के संचालन की अनुमति छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दी गई है, जिससे ग्राहकों को बेहतर सुविधा और उच्च गुणवत्ता वाली शराब मिल सके। इसका उद्देश्य शराब की कालाबाजारी और नकली उत्पादों पर नियंत्रण करना भी है।

### सरदार वल्लभभाई पटेल नगरवासी कर रहे विरोध

दर्री क्षेत्र के सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर में वाइन शॉप खोलने के प्रस्ताव का क्षेत्रवासियों ने विरोध शुरु कर दिया है। नगर निगम में प्रशासन द्वारा भेजे गए प्रस्ताव के विरोध में स्थानीय रहवासी, महिला मंडल एवं सर्वसामान्य नागरिक लगातार अपनी आपत्ति दर्ज कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि संबंधित परिसर पूर्णतः आवासीय एवं पैदलचलित क्षेत्र है, जहाँ पर परिवार, महिलाएँ, बच्चे एवं वरिष्ठ नागरिक प्रतिदिन आवागमन करते हैं। ऐसे शांतिपूर्ण आवासीय परिसर में प्रीमियम वाइन शॉप खोले जाने से स्थानीय निवासियों की सुरक्षा, शांति एवं सामाजिक वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इससे असुरक्षा की भावना, असुविधा एवं संभावित सामाजिक अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होगी।

# ब्रेकडाउन ट्रेलर को पीछे से दूसरे ट्रेलर ने मारी टक्कर, चालक की मौत, एक घायल



दुर्घटनास्थल पर लगी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक ट्रेलर में अचानक खराबी आ जाने की वजह से उसे ब्रेकडाउन हालत में सड़क किनारे खड़ा कर दिया गया था। इस बीच पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए ब्रेकडाउन हालत में खड़ी ट्रेलर को पीछे से जबरदस्त ठोकर मार दी। ठोकर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रेलर चालक की मौत हो गई जबकि उसका परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

घटना पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बैरामोड़ के समीप की है। जानकारी के अनुसार ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएस 7538 का चालक दल प्रताप उम्र 23 वर्ष पिता गुलाब सिंह ट्रेलर को लेकर बीती रात लगभग 8 बजे पसान से जटगा की ओर आ रहा था वह अभी बैरामोड़ के समीप पहुंचा था वहां ब्रेकडाउन हालत में ट्रेलर खड़ी थी जिसे दल प्रताप ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चालक करते हुए पीछे से जबरदस्त ठोकर मार दिया। हादसा के होते ही बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौके पर जा पहुंचे और राहत और बचाव कार्य में जुट गए। जबरदस्त टक्कर होने के कारण दोनों ट्रेलर आपस में फंस गए थे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। हादसे की वजह से मार्ग पर आवाजाही प्रभावित हो गया था। पुलिस की टीम ने घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क हटाया और हादसे में गंभीर रूप से घायल चालक दल प्रताप उम्र 23 वर्ष पिता गुलाब सिंह और एक अन्य परिचालक को स्थानीय अस्पताल भिजवाया जहां उनकी बिगड़ती हालत को देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मेडिकल हॉस्पिटल पहुंचते ही दल प्रताप की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक घायल

कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत नरईबोध निवासी छत्रपाल पटेल उम्र 23 वर्ष पिता मुरली मनोहर पटेल कॉलेज का छात्र है जो अपनी मोटरसाइकिल में सवार होकर किसी काम से रलिया जा रहा था। भिलाईबाजार बायपास रोड में पहुंचा था कि किसी अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल को जबरदस्त ठोकर मार दिया जिससे छत्रपाल पटेल गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान छत्रपाल पटेल की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मतदाता सूची के संबंध में दावा आपत्ति 10 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सहकार्य बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति मर्यादित के मतदाता सूची का प्रकाशन 3 नवंबर को किया गया है। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहकार्य बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति मर्यादित पंजीयन क्रमांक 345 से प्राप्त जानकारी अनुसार जारी मतदाता सूची के सम्बंध में सदस्यों से दावा आपत्ति 10 नवंबर तक मंगाया गया है। किसी सदस्य को आपत्ति होने पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ दावा आपत्ति ब्रजेन्द्र धर शर्मा प्रबंधक/सदस्य को कार्यालयीन समय पर समिति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। सूची पर प्रस्तुत आपत्तियों का निराकरण समिति कार्यालय में 11 नवम्बर 2025 को प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। साथ ही उपान्तरित सूची को अंतिम मतदाता सूची के रूप में प्रकाशित किया जाएगा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

स्वामी जी-93406-38884


11 जनवरी 2026
11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविद्या, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)